



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

जून–2018

अन्दर के पृष्ठों पर........

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक पर पुलिस दूरसंचार की समीक्षा बैठक



मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–डीजी/तीन–12(06)2018 दिनांकः 15.05.2018 के माध्यम से पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा पुलिस की विभिन्न इकाईयों के कार्यों एवं कार्य निष्पादन में आ रही कठिनाईयों की समीक्षा प्रत्येक माह किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त के अनुपालन में दिनांक 21.05.2018 (माह का तृतीय सोमवार) को पुलिस दूरसंचार की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पुलिस रेडियो मुख्यालय से श्री प्रमोद कुमार तिवारी, पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) श्री अनिल कुमार, श्री सुनील कुमार सिंह, श्री सत्य प्रकाश सिंह एवं श्रीमती सुनीता शर्मा द्वारा भाग लिया गया।

इस बैठक में उ0प्र0 पुलिस दूरसंचार के कार्यकलापों, कुम्भ मेला हेतु संचार उपकरणों के क्रय की स्थिति, ऑपरेशन सम्बन्धी गतिविधियाँ, प्रशासनिक कार्यवाहियाँ (रिक्तियाँ एवं भर्ती), प्रशिक्षण गतिविधियाँ इत्यादि के सम्बन्ध में वस्तुस्थिति, लम्बित कार्य एवं भावी योजनाओं को पॉवर प्वाइण्ट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

सम्यक रुप से समीक्षा के उपरान्त पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती, अधीनस्थ कार्मिकों की नियमावली में आवश्यक संशोधन कराने, मृतक आश्रितों के भर्ती प्रकरण, बजट के लम्बित दायित्व के मदों में धनावंटन एवं आंशिक सफाई मजदूरी के मानदेय पर अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा पुलिस रेडियो कॉलोनी की महिलाओं के अच्छे स्वास्थ्य के दृष्टिगत कॉलोनी में योग कैम्प आयोजित कराने हेतु भी निर्देशित किया गया है।

## उपलब्धियाँ

1. दिनांक 12/13.05.2018 को जनपद गोरखपुर में मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान निर्विध्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

2. दिनांक 24.05.2018 को जनपद बिजनौर में मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के नूरपुर, बिजनौर विधान सभा उपचुनाव हेतु भ्रमण कार्यक्रम के दौरान निर्विध्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

3. दिनांक 24.05.2018 को जनपद बरेली में महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 के भ्रमण के दौरान निर्विध्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

4. दिनांक 25.05.2018 को जनपद बरेली में पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 श्री ओ0पी0 सिंह के ई–चालान व्यवस्था व मनोरंजन कक्ष के उद्घाटन तथा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान निर्विध्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

5. दिनांक 27.05.2018 को जनपद बदायूँ में मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान निर्विध्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

## सराहनीय कार्य

1. दिनांक 20.04.2018 को जनपद नियंत्रण कक्ष, बस्ती में समय 0125 बजे इवेन्ट संख्याः 0796 मोबाइल नम्बर 9838623360 से प्रमोद कुमार तिवारी ग्राम छावनी, थाना छावनी ने बताया कि सफेद रंग की बोलेरो नम्बरः यूपी 43 वाई 2078 चोरी हो गयी है। सूचना प्राप्त होते ही जनपद नियंत्रण कक्ष में ड्यूटीरत स0परि0/6060, कन्हैया लाल द्वारा तत्परता से सूचना प्रसारित करके सघन चेकिंग करायी गयी। परिणामस्वरूप उक्त बोलेरो को थाना क्षेत्र पटहेरवा जनपद कुशीनगर से बरामद कर लिया गया।

## कर्नाटक विधान सभा चुनाव– 2018

कर्नाटक राज्य विधान सभा चुनाव–2018 ड्यूटी हेतु उ0प्र0 पीएसी की 10 कम्पनी के साथ संचार व्यवस्था हेतु 14 एचएफ सेट, 40 स्टेटिक/मोबाइल सेट एवं 150 हैण्ड हेल्ड सेट के साथ विभिन्न जनपदों/इकाईयों से 52 रेडियो स्टाफ को भेजा गया था। ड्यूटी पूर्ण कर दल की दिनांक 18.05.2018 को कानपुर में वापसी हुई।

## कल्याणकारी कार्य

1. पुलिस रेडियो मुख्यालय के कार्मिकों एवं उनके परिवारों के लिए दिनांक 28.05.2018 को निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन प्रशिक्षण केन्द्र में किया गया जिसमें 61 कार्मिक लाभान्वित हुये।





2. पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में मई 2018 में 415 कार्मिकों का उपचार किया गया।

## शासनादेश, आदेश एवं कार्यालय ज्ञाप

1. विशेष सचिव, गृह (पुलिस) अनुभाग–2 के पत्र संख्याः 235/छः–2–2018–109 (विविध)/2017 दिनांक 08.05.2018 द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम–2016 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करने की अपेक्षा की गयी है।

2. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के आदेश संख्याः डीजी–1–120(115)2018 दिनांक 21.05.2018 द्वारा निर्देशित किया गया है कि पुलिस विभाग की विभिन्न इकाईयों द्वारा अपनी शाखाओं से सम्बन्धित कतिपय प्रस्ताव सीधे शासन को स्वीकृति हेतु न भेजकर मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के माध्यम से प्रेषित किये जायें जिससे यह मुख्यालय भी ऐसे मामलों से पूर्णतया संज्ञानित रहे एवं शासन द्वारा इस सम्बन्ध में कोई जानकारी किये जाने की स्थिति में उसका समुचित एवं संतोषजनक ढंग से निराकरण किया जा सके।

3. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–आठ–94(शासन–निर्देश)2018 दिनांक 03.05.2018 द्वारा, भारत के राष्ट्रगान से सम्बन्धित मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट याचिका(सिविल) संख्याः 855/2016 में दिनांक 09.01.2018 को पारित अंतिम आदेश के अनुपालन में, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्याः जी0आई0–8/तीन–2018–10(46)/2016 दिनांक 26.04.2018 में उल्लिखित निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

4. उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद के पत्र संख्याः दो–41(वर्दी परिवर्तन)2016 दिनांक 09.05.2018 द्वारा उ0प्र0 पुलिस में कार्यरत समस्त हेड कान्स0 (समतुल्य पद) एवं कान्स0 (समतुल्य पद) को तात्कालिक प्रभाव से फोल्डिंग कैप (खाकी सर्ज फटीग कैप) के स्थान पर "खाकी ऊनी बैरेट कैप" धारण कराने हेतु समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष पुलिस विभाग, उ0प्र0 से अपेक्षा की गयी है।

5. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–डीजी/तीन–12(06) 2018 दिनांकः 15.05.2018 के माध्यम से पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा पुलिस की विभिन्न इकाईयों के कार्यों एवं कार्य निष्पादन में आ रही कठिनाईयों की समीक्षा प्रत्येक माह किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

6. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्या–डीजी/तीन–12(06)2018 दिनांकः 21.05.2018 द्वारा पुलिस की विभिन्न इकाईयों में नियुक्त अधिकारियों को विभिन्न राजकीय/निजी संस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों एवं अन्य कार्यालयों से उनके यहाँ आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने/पुरस्कार ग्रहण करने/व्याख्यान देने/परिसंवाद अथवा विचार–विमर्श में

प्रतिभाग करने हेतु मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 से अनुमति प्राप्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

## आदेश एवं गोष्ठी

1. पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः एम–445/2015 दिनांक 15.05.2018 द्वारा निर्देशित किया गया है कि वीएचएफ संचार के दौरान ब्रीच ऑफ सिग्नल सिक्योरिटी प्रकरणों को कम करने के लिये जनपदीय स्तर पर मानीटरिंग की जाय। इस कार्य को जनपदीय प्रभारी रेडियो निरीक्षक, प्रभारी नियंत्रण कक्ष एवं नियंत्रण कक्ष में चक्रीय क्रम में ड्यूटीरत परिचालकों के माध्यम से सम्पादित करायेंगे। यदि मानीटरिंग के दौरान ब्रीच ऑफ सिग्नल सिक्योरिटी का कोई प्रकरण प्रकाश में आता है तो प्रभारी नियंत्रण कक्ष सम्बन्धित प्रकरण को प्रभारी रेडियो निरीक्षक के संज्ञान में लायेंगे। प्रभारी रेडियो निरीक्षक, पुलिस रेडियो शाखा के जनपदीय पर्यवेक्षण अधिकारियों के साथ–साथ जनपदीय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को प्रकरण के सम्बन्ध में संज्ञानित करते हुए मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे प्रारूप के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सम्पादित करायेंगे।

2. पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के पत्र संख्याः टी–17/2017 दिनांक 15.05.2018 द्वारा पुलिस रेडियो के सीसीटीवी प्रशिक्षित 285 कार्मिकों की "रिसोर्स पर्सन" के रूप में जनपदवार सूची अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था को उपलब्ध करायी गयी है। स्थानीय अधिकारियों द्वारा सहायता की अपेक्षा करने पर सीसीटीवी सम्बन्धी समस्याओं का समाधान सूची में अंकित कार्मिकों से कराया जाना तय किया गया है।

### पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार की गोष्ठियाँ

दिनांक 18.05.2018 को रेडियो मुख्यालय पर जनपदों से आये साइफर कोरियर्स की बैठक सम्पन्न की गयी तथा कार्य में दक्षता व अनुशासन हेतु पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) श्री अनिल कुमार, श्री सुनील कुमार सिंह एवं श्री सत्य प्रकाश सिंह ने भी स्टाफ का मार्गदर्शन किया। इस दौरान कैराना में लोक सभा उपचुनाव तथा नुरपुर में विधान सभा उपचुनाव के दौरान निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित करने हेतु भी मार्गदर्शन किया गया।

पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा विभिन्न जनपदो से आये स्टाफ से कठिनाईयों की जानकारी ली गयी तथा सम्बन्धित को कठिनाईयों को दूर करने हेतु निर्देश दिये गये।






## नीलामी कार्यवाही

दिनांक 23.05.2018 को रेडियो मुख्यालय पर 06 अदद निष्प्रयोज्य वाहनों हेतु नीलामी सम्पन्न हुई।

## रेडियो मुख्यालय के कार्यालय ज्ञाप

1. पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र के आदेश संख्याः डीजी/सीए–01/2018 दिनांक 18.05.2018 द्वारा निर्देशित किया गया है कि भविष्य में मुख्यालय स्तर पर जो भी सामान एवं उपकरण जिस भी प्रक्रिया के अन्तर्गत क्रय किया जायेगा, सम्बन्धित शाखा द्वारा उन सामानों के भौतिक सत्यापन, परीक्षण एवं स्टॉक इण्ट्री आदि की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी तथा इसके पश्चात सम्बन्धित शाखा के प्रथम राजपत्रित पर्यवेक्षक अधिकारी द्वारा बिल के भुगतान हेतु पत्रावली सीधे सहायक रेडियो अधिकारी, प्रशासन को भेजी जायेगी जिस पर सहायक रेडियो अधिकारी, प्रशासन द्वारा भुगतानादेश जारी किया जायेगा। इस नयी व्यवस्था में भुगतानादेश जारी करने हेतु विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष स्तर से अनुमोदन प्राप्त किया जाना आवश्यक नहीं होगा।

## विविध

## प्रशिक्षण गतिविधियाँ

पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में प्रचलित विभागीय ग्रेड–द्वितीय 90वें बैच की मध्य सत्र परीक्षाएँ मई 2018 में सम्पन्न हुईं।

## योग कक्षाएँ

पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में प्रचलित ग्रेड द्वितीय के 90 एवं 91 बैच की योग एवं आसन की कक्षाएँ प्रशिक्षित योग शिक्षक के माध्यम से सप्ताह में दो दिन (बुधवार एवं शनिवार) को आयोजित करायी जा रहीं हैं।







## कम्प्यूटर द्वारा मोर्स कक्षा की व्यवस्था

पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में मोर्स रिसीविंग प्रशिक्षण कार्य एक प्रेषक व्यक्ति द्वारा मोर्स कोड में संदेश भेजकर व प्रशिक्षणार्थियों द्वारा संदेश नोट करके किया जाता रहा है। इस व्यवस्था में मानक के अनुरुप संदेश गति प्राप्त न हो पाने के कारण कई छात्र परीक्षा में फेल हो जाते थे।

अतः प्रचलित ग्रेड द्वितीय के 90 एवं 91 बैच के प्रशिक्षणार्थियों को मोर्स रिसीविंग का अभ्यास कम्प्यूटर के माध्यम से कराने की भी सुविधा लागू की गयी है। कम्प्यूटर के माध्यम से संदेश अलग–अलग तीव्रता से भेजे जा सकते हैं। इससे प्रशिक्षणार्थियों को समयबद्ध अभ्यास का अच्छा अवसर प्राप्त हो रहा है। यदि प्रशिक्षणार्थी इसका अच्छा अभ्यास करता है तो निःसंदेह उसकी संदेश नोट करने की गति में गुणात्मक सुधार होगा।



## आतंकवाद विरोधी दिवस

गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अर्द्धशासकीय पत्रांकः19/03/92–पब्लिक दिनांकः 13.05. 1992 एवं अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के सहायक के पत्रांकः डीजी–तीन–12(39) 2005 दिनांकः 12.05.2018 द्वारा 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस के रुप में मनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। दिनांकः 21.05.2018 को 1100 बजे स्टाफ को उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) श्री अनिल कुमार द्वारा आतंकवाद विरोधी दिवस पर निम्न शपथ दिलायी गयी–

*''हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शान्ति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझ–बूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुँचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेते हैं।''*





## सेवानिवृत्ति

निम्न 13 कार्मिक मई 2018 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मो0 सलीम, जनपद हरदोई, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विजय पाल सिंह, जनपद फैजाबाद, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री भगवती प्रसाद, रेडियो मुख्यालय, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कमल सिंह, जनपद हाथरस, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अब्दुल गफ़्फार, जनपद शामली, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री लाल बहादुर सिंह, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विजय बहादुर यादव, जनपद कुशीनगर, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम नवल, जनपद इलाहाबाद, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बृज पाल सिंह, जनपद मुरादाबाद, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री गिरधारी मिश्रा, जनपद इलाहाबाद, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रमेश चन्द्र, जनपद महोबा, 12. प्र0परि0/548, श्री राजेन्द्र सिंह, जनपद बिजनौर, 13. कर्मशाला कर्मचारी, श्री अनिल कुमार मिश्रा, जनपद बस्ती

## खेल–कूद

1. उ0प्र0 पुलिस की 57वीं वार्षिक तैराकी एवं क्रॉसकन्ट्री प्रतियोगिता–2018 दिनांक 08.06. 2018 से 11.06.2018 तक 35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ में आयोजित होना प्रस्तावित है।

2. उ0प्र0 पुलिस की 44वीं वर्षिक जूडो, जिमनास्टिक्स, वूशू एवं ताइक्वान्डो प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 15.06.20.18 से 18.06. 2018 तक जनपद इलाहाबाद में प्रस्तावित है।

2. उ0प्र0 पुलिस की 67वीं वार्षिक हॉकी प्रतियोगिता–2018 दिनांक 18.05.2018 से 22. 05.2018 तक चतुर्थ वाहिनी पीएसी, इलाहाबाद में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में रेडियो ज़ोन के 13 सदस्यीय हॉकी दल ने भाग लिया। रेडियो ज़ोन के दल ने बरेली ज़ोन को 7–0, इलाहाबाद ज़ोन को 2–0, आगरा ज़ोन को 4–0 से करारी शिकस्त दी। रेडियो ज़ोन पीएसी पूर्वी ज़ोन से 1–0 से पराजित हुई। तृतीय स्थान के लिए हुए मुकाबले में रेडियो ज़ोन ने गोरखपुर ज़ोन को 5–1 से पराजित कर प्रतियोगिता का कांस्य पदक अर्जित किया। प्रतियोगिता में रेडियो ज़ोन के निम्न 13 खिलाड़ियों ने भाग लिया– 1. निरीक्षक, अविनाश सक्सेना, 2. प्र0परि0/मन्सूर अहमद, 3. प्र0परि0/पी0पी0 गुरंग, 4. प्र0परि0/यूसूफ हसन, 5. प्र0परि0/मो0 सलीम, 6. प्र0परि0/निसार अहमद, 7. स0परि0/मो0 अनवर, 8. स0वा0/ रियाज अहमद, 9. स0वा0/सलमान हसन, 10. स0वा0/आर0के0 पाण्डेय, 11. स0वा0/तकी मिर्जा, 12. स0वा0/ शाहिद जमाल, 13. स0वा0/नवीन कुमार मिश्रा



सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर। सहयोगीगण–श्री वी0के0 वर्मा, रेडियो निरीक्षक, श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव, रे0उ0नि0, सै0 अख्तर अली, रे0उ0नि0, डिज़ाइन सहयोग– श्री अजय कुमार सोनकर, प्र0परि0।

मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88 प्रतियाँ – 200